# बिल्डिंग में लगी भीषण आग, दो फ्लोर भी चपेट में आए

## सवा घंटे बाद पाया आग पर काबू पाया, बिल्डिंग में फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं मिले



झुंझुनूं में मंडावा मोड़ पर बने मान सिटी सेंटर में भीषण आग लग गई।

- नगर परिषद पहले भी दे चुकी है बिल्डिंग मालिक को नोटिस

**झुंझुनूं,** (निसं)। बिना फायर सेफ्टी के इंतजाम किए झुंझुनूं शहर की बिल्डिंग अब आमजन के लिए भारी बनती जा रही है। झुंझुनूं शहर के सबसे व्यस्तम इलाकों में से एक मंडावा मोड़ की है। जहां पर बने मान सिटी सेंटर में सोमवार को भीषण आग लग गई। जिससे ना केवल इस बिल्डिंग के दो फ्लोर चपेट में आ गए, बल्कि पास-पड़ौस की दुकानों में भी हड़कंप मच गया।

जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह 11 बजे के करीब मान सिटी सेंटर में बने एक कैफे में अचानक आग लग गई। आग धीरे-धीरे बेकाबू हो गई। बिल्डिंग से आग उठती देख ना केवल इस बिल्डिंग में संचालित एक दर्जन से करीब दुकानें, बल्कि पास पड़ौस की दुकानें भी बंद हो गई। दुकानदार जिस स्थिति में दुकान में बैठे थे वैसे ही उठे और दुकान बंद की और बिल्डिंग से दूर चले गए। सूचना पर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड पहुंची। बार-बार राउंड कर पांच दमकल गाड़ियों में लाए गए पानी से करीब सवा घंटे में आग बुझाई गई। मंडावा मोड़, शहर का व्यवस्तम क्षेत्र है। इसलिए आग की लपटें देखने मौके पर भारी संख्या में भीड़ भी इकट्ठा हो गई और जाम जैसी स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कानून व्यवस्था संभाली और ना केवल लोगों को आग से दूर किया, बल्कि यातायात भी सुचारू करवाया।

बताया जा रहा है कि इस बिल्डिंग में दो महीने तक एक कैफे चलता था। जिसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगी। इसके बाद आग ने पूरे कैफे को राख में तब्दील कर दिया। इसके अलावा कैफे के उपर के फ्लोर खाली थे। ऐसे में कोई नुकसान नहीं हुआ। बिल्डिंग के बाहर लगे शीशे जरूर धड़ाधड़ टूटकर जमीन पर आ गिरे।

जानकारी के मुताबिक काफी दिन पहले नगर परिषद ने इस बिल्डिंग की फायर सेफ्टी एनओसी ना लेने पर बिल्डिंग मालिक को नोटिस दिया था। लेकिन बिल्डिंग मालिक ने ना तो नोटिस का जवाब दिया और ना ही फायर सेफ्टी के इंतजाम करके एनओसी के लिए एप्लाई किया। वहीं इस पूरी बिल्डिंग में कहीं पर भी आपातकालीन निकासी भी नहीं छोड़ी गई है। बताया जा रहा है कि हाल ही में नगर परिषद ने एक बार फिर शहर की बिल्डिंगों के फायर सेफ्टी इंतजामात का सर्वे करवाया था। उसमें भी इस बिल्डिंग का नाम है।

# असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया देवगढ़ पहुंचे

## ओमप्रकाश बंसल की पत्नी के देहांत हो जाने पर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी


असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया सोमवार को देवगढ़ पहुंचे।

- वयोवृद्ध 95 वर्षीय भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता धर्मचंद देरासरिया की कुशलक्षेम ली

**देवगढ़,** (निसं)। देवगढ़ नगर में सोमवार प्रातःकाल भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता ओमप्रकाश बंसल के निवास पर असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया पहुंचे। शोकाकुल बंसल परिवार में ओमप्रकाश बंसल की पत्नी के देहांत हो जाने पर कटारिया ने शौकसंतप्त व्यक्त कर सांत्वना दी । बंसल परिवारजनों ने राज्यपाल कटारिया का स्वागत सत्कार कर आभार जताया। तत्पश्चात राज्यपाल वयोवृद्ध 95 वर्षीय भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्त्ता धर्मचंद देरासरिया की कुशलक्षेम लेने देरासरिया के घर पहुंचे, जहां परिजनों सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं सहित भाजपा नगर मंडल ने राज्यपाल का स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार भीम विधानसभा चुनाव समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के दौरान प्रधानमंत्री ने देरासरिया को दूर मंच से पहचान लिया था तथा शिष्टाचार भेंट भी की गई थी। इस दौरान भीम विधायक हरिसिंह रावत सहित भाजपा कार्यकर्ताओं में पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमर सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष शोभालाल रेगर, नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सेठिया, सुरेश देरासरिया, बाबूलाल कलवाडिया अजय सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अफीम डोडा-चूरा तस्करी के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई



पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया।

- तस्कर और तस्करी की जा रही गाड़ी के मालिक को सुनाई सजा
- 7- 7 साल की सजा और 70-70 हजार के अर्थदंड लगाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट ने अफीम डोडा-चूरा तस्करी के एक मामले में तस्कर और तस्करी की जा रही थार गाड़ी के मालिक को 7- 7 साल की सजा और 70-70 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशिष्ट लोग अभियोजक कैलाश चौधरी ने बताया 5 जून 2017 को बिगोद एसएचओ महावीर मीणा जाब्ते के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान त्रिवेणी चौराहे पर नाकेबंदी कर वह वाहनों की जांच करने लगे तभी एक महिंद्रा थार जीप पुलिस जाब्ते को देखकर वापस पलटने लगी। पुलिस ने शंका के आधार पर गाड़ी के चालक को पकड़ा और नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मोलूराम उर्फ मोडू राम पिता कानाराम निवासी जाटों का मोहल्ला किशनपुर जिला अजमेर होना बताया। थार गाड़ी की चेकिंग की गई तो उसमें साड़ीनुमा कट्टे में 42 किलो अफीम डोडा-चूरा मिला। अफीम डोडा-चूरा को वाहन के साथ जब्त कर मोडूराम को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की अग्रिम जांच मांडलगढ़ एसएचओ गजेंद्र सिंह के जिम्मे की गई।

प्रकरण में जब्त वाहन रामप्रताप जाट पिता रामनारायण जाट किशनगढ़ अजमेर के नाम पर होना पाया गया। अनुसंधान में पता चला कि उक्त वाहन राम प्रताप द्वारा मोडूराम को अफीम डोडा-चूरा परिवहन करने के लिए दिया गया था। प्रकरण का अनुसंधान पूर्ण होने के बाद पुलिस ने मोडूराम के विरुद्ध अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट और रामप्रताप के विरुद्ध अपराध धारा 8/ 25 एनडीपीएस एक्ट के तहत चार्जसीट न्यायालय में पेश की। ट्रायल पूरी होने के बाद विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस प्रकरण न्यायालय भीलवाड़ा द्वारा आज मोडू राम को अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट व रामप्रताप को अपराध धारा 8/25 एनडीपीएस एक्ट का दोषी मानते हुए 7-7 साल का कठोर कारावास और 70-70 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस प्रकरण न्यायालय भीलवाड़ा चौधरी ने दोषसिद्ध करने के लिए 10 गवाह और 50 दस्तावेज कोर्ट में पेश किए।

## मंदिर का दानपात्र तोड़ नगदी चोरी

**टोडाभीम,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय के कस्बे के पहाड़ी पर स्थित दाते वाले हनुमान मंदिर में चोर मंदिर में रखी तिजोरी के ताले को तोड़कर हजारों रुपए की नगदी लेकर फरार हो गये। वहीं इसके साथ चोरों ने मंदिर परिसर में बने कमरों में मंदिर का ताला तोड़कर और अन्य सामान को भी पार कर दिया। जैसे ही मंदिर का पुजारी जब पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचा, तो उसने देखा कि चारों तरफ के ताले टूटे हुए थे। दान पेटी का भी ताला टूटा हुआ था। मंदिर के पुजारी जुगल किशोर शर्मा ने बताया कि रात्रि को मंदिर परिसर में किसी अज्ञात चोरों द्वारा दान पेटी के ताले तोड़कर चोरी कर ली गई। जिसमें चोरों द्वारा दान पेटी के ताले तोड़कर दान पेटी में रखे लगभग 2000 से 3000 रुपए, कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखें एल्युमिनियम का एक बड़ा भगोना लगभग 30 किलो का उसे ले जाने में सफल हुआ।

# रॉयल्टी नाकों पर काटी जा रही फर्जी ओवर लोडिंग की पर्चियां

## हर ट्रैक्टर-ट्रॉली के ड्राइवर से 3 हजार 5 सौ रुपये वसूले जाते हैं

**रूपवास,** (निसं)। क्षेत्र में रॉयल्टी नाके वाले जमकर राज्य सरकार को चूना लगा रहे हैं। पत्थर की ठेवियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की फर्जी ओवर लोडिंग की पर्चियां काटी जा रही हैं। इसमें खनिज विभाग और रॉयल्टी ठेकेदारों की मिलीभगत सामने आ रही है, जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली कमर्शियल कामों के लिए उपयोग में नहीं ली जा सकती, उसके बाद भी रॉयल्टी के ठेकेदार रात में अवैध तरीके से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को निकाल रहे हैं।

जानकारी के अनुसार खनिज विभाग की तरफ से रॉयल्टी का ठेका दिया जाता है। रॉयल्टी के नाकों पर ओवरलोड वाहनों से शुल्क लिया जाता है, लेकिन इन नाकों की आड़ में रॉयल्टी के ठेकेदार अवैध तरीके से वाहनों से शुल्क वसूल कर रहे हैं और राज्य सरकार को लाखों रुपए रोज का चूना लगा रहे हैं। पत्थर ले जाने वाले एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के ड्राइवर से बात की, उसने अपना नाम न बताने की शर्त पर पूरे घोटाले के बारे में बताया कि किस तरह से यह घोटाला किया जा रहा है और खनिज विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा।

ट्रैक्टर-ट्रॉली के ड्राइवर ने रॉयल्टी के नाके से काटी गई। फर्जी पर्ची भी दिखाई। ट्रैक्टर के ड्राइवर ने बताया कि वह जब माइंस से पत्थर की ठेवियां लेकर निकलते हैं तो रास्ते में रॉयल्टी के नाके पड़ते हैं जो ओवरलोड का शुल्क लेते हैं। नाके पर मौजूद लोग हर ट्रैक्टर-ट्रॉली की फर्जी स्लिप काटते हैं। जिसमें वह ट्रैक्टर ड्राइवर का नाम लिखते हैं।

ट्रैक्टर ड्राइवर से 3 हजार 5 सौ रुपये वसूले जाते हैं। जिसे वह शार्ट में वजह वाली जगह 3.5 लिख देते हैं। इसके अलावा स्लिप पर दो मोहरें होती हैं जो पास और कैंसिल की होती हैं। उससे बाकी के नाके वाले समझते हैं और ट्रैक्टर-ट्रॉली वहां से पास होती जाती है। नाम न छापने की शर्त पर रॉयल्टी नाके पर कार्यरत कर्मचारी ने बताया कि वहां से स्थानीय लोग पहाड़ वाले इलाकों में अवैध खनन करते हैं जो सभी एक ही समाज आते हैं। वह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में अवैध खनन का पत्थर ले जाते हैं। जब उन्हें रोकने की कोशिश की जाती है तो वह लोग नाकों पर लगे कर्मचारियों से मारपीट करते हैं। यह फर्जी पर्ची वह लोडिंग के दौरान लेकर आते हैं।

## बहन की शादी से एक दिन पहले चचेरे भाई की मौत

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। बहन की शादी से पहले सड़क हादसे में चचेरे भाई की मौत हो गई। शादी के लिए मंडी में सब्जी लेने के लिए आते समय बोलेरो पलट गई। हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं तीन गंभीर घायल है। हादसा टोडाभीम मार्ग पर लपावली के पास सोमवार सुबह 5 बजे हुआ।

डॉ. जेपी मीना ने बताया कि हादसे में टोडाभीम के कमालपुरा निवासी सियाराम मीना (42) पुत्र मनोहारी मीना की मौत हो गई। मृतक अविवाहित है। वहीं खेड़ी शीश निवासी ऋषि मीना (28), शिवकेश मीना (35) व मुकेश मीना घायल हुए हैं। मृतक का शव अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। जबकि घायल अस्पताल में भर्ती है। परिजनों ने बताया कि 23 अप्रैल को सियाराम मीना की चचेरी बहन की शादी है। घर पर मेहमानों के लिए सभी लोग सब्जी खरीदने के लिए बोलेरो से हिंडौन आ रहे थे। इस दौरान लपावली के पास बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सियाराम मीना नीचे दब गया।

## दो बच्चों की संदिग्ध मौत

**भीलवाड़ा,** (नीसं)। जिले के आसींद थाना क्षेत्र के लाछुड़ा गांव में घर में सोए दो मासूम बच्चों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। फूड पॉइजनिंग के चलते बच्चों की मौत हो जाने की आशंका जताई जा रही है।

थाना प्रभारी हंसपाल सिंह ने बताया कि मदनलाल प्रजापत ने रिपोर्ट दी जिसके उसने बताया कि उनकी पत्नी सहित एक पुत्र एवं एक पुत्री तीनों गांव में ही रहते हैं। वो बाहर गुजरात में आइसक्रीम का कार्य करता है। रोजमर्रा की तरह आज उनकी एक पुत्री ललिता प्रजापत (5) एवं भाई दिवांशु प्रजापत (3) दोनों घर पर सो रहे थे, सुबह दिव्यांशु प्रजापत को उनकी मां गनी देवी ने उठाया तो वह नहीं उठा। इसके बाद ललिता प्रजापत की भी हालत खराब होने पर उन्हें तुरंत भीलवाड़ा एमजी हॉस्पिटल ले जाने लगे तभी घर पर ही उसकी भी मौत हो गई। परिवार के अन्य लोगों को जब इसकी जानकारी मिली तो फूड पॉइजनिंग की आशंका के चलते तुरंत मां गनी देवी को भी तुरंत भीलवाड़ा अस्पताल ले जाया गया। दोनों बच्चों को आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए गया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उन्हें मृतक घोषित कर दिया।

# पति ने पत्नी की हत्या की, खुद फांसी के फंदे पर झूला

## वाट्सएप पर आत्महत्या करने के कारण का मैसेज डाला


मृतक दम्पति का फाइल फोटो।

**राजसमंद,** (निसं)। कांकरोली थाना क्षेत्र में सोमवार शाम को एक व्यक्ति ने कर्ज से परेशान होकर अपनी ही पत्नी की हत्या करने के बाद फांसी के फंदे पर लटक कर आत्म हत्या कर ली।

जानकारी के अनुसार कांकरोली के नया बाजार निवासी जसवंत साहू (मेराणिया) (46) पुत्र लक्ष्मण साहू ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, जबकि घटना से पहले व्यक्ति ने अपनी पत्नी मीरा (हेमलता) (43) को गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना से पहले मृतक ने अपने आप को कर्ज से परेशान होने की बात कहते हुए सोमवार सायं 5:27 पर दो वीडियो व कुछ मैसेज समाज के वाट्एसप ग्रुप में भेज दिए। वो विडियो व मैसेज पढ़कर समाज के कुछ लोग घर पर पहुंचे तो मृतक जसवंत साहू का शव फंदे पर लटका मिला जबकि उसकी पत्नि हेमलता साहू का शव निचे फर्श पर पड़ा मिला।

घटना की जानकारी मिलते ही कांकरोली थाना अधिकारी हनवंतसिंह सौढा मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत करवाया। उसके बाद एसपी मनीष त्रिपाठी एएसपी महेन्द्र पारीक, उप अधीक्षक विवेकसिंह राव घटना स्थल पर पहुंचे मामले की बारीकी से तहकीकात करते हुए जानकारी जुटाई। पुलिस ने एमओबी टीम को मौके पर बुलाकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। उसके बाद मृतक दपंति के शव को एम्बूलैंस से आरके अस्पताल पहुंचाकर वहां की मोर्चरी में रखवाया। अब मंगलवार सुबह दोनों शवों का पोस्टमार्टम होगा।

# अवैध खनन कार्य में प्रयुक्त दो जे.सी.बी. व एक डम्पर जब्त

## जेसीबी चालक ने पुलिस टीम पर पथराव किया


ब्यावर में सदर थाना पुलिस टीम ने अवैध खनन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की।

- पुलिस टीम ने मुश्किल से जेसीबी को रूकवाया व चालक को पकड़ा

**ब्यावर,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव के मद्देनज़र चुनाव आयोग व जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार वृत्ताधिकारी राजेश कसाना की देखरेख में जिला स्पेशल टीम की सूचना पर सदर थानाधिकारी गंगाराम खावा की टीम ने अवैध खनन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए खनिज से भरा एक डम्पर व अवैध खनन कार्य में प्रयुक्त दो जे.सी.बी. जब्त की है।

गौरतलब है कि एएसआई तेजमल अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी समय जिला स्पेशल टीम प्रभारी विजय सिंह उप निरीक्षक ने सूचना दी कि लहरी गांव के पास सरकारी भूमि पर अवैध खनन हो रहा है। इस पर पुलिस टीम तुरंत स्पेशल टीम द्वारा बताई जगह के लिये रवाना होकर लहरी गांव के पास सरकारी जमीन के पास पहुंची तो देखा कि सरकारी भूमि पर एक जेसीबी मशीन चालक जेसीबी से डम्पर में खनिज पत्थर भर रहा है। पुलिस टीम को देखकर अपने-अपने वाहनों को खदान से निकालने लगे जिस पर टीम ने उनको चारों तरफ से घेरा देकर पकड़ा। दोनों के पास खदान से खनन करने हेतु कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। आसपास देखने पर पाया कि कुछ दूरी पर एक अन्य जे.सी.बी. खदान में पत्थर हटा रही है। जिस पर पुलिस टीम तुरंत वहां पहुंची व जेसीबी चालक को रोका व नाम व पता पूछा व खनन संबंधी दस्तावेज के बारे में पूछा तो जेसीबी चालक आवेश में आ गया व दूर जाकर पुलिस टीम पर पथराव करने लगा। पुलिस टीम ने आसपास छिपकर बचाव किया। तभी चालक मौका पाकर जेसीबी लेकर लापरवाही व तेज गति से चलाते हुए भागने लगा व राजकार्य में बाधा उत्पन्न की। पुलिस टीम ने सरकारी जीप से पीछा कर कुछ दूरी पर मुश्किल से जेसीबी को रूकवाया व चालक को पकड़ा। खनन विभाग को सूचित किया जाकर एक डंपर व दो जेसीबी को जब्त किया गया व तीनों वाहनों सहित उनके चालकों को थाने लाया गया। जिनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जाकर पूछताछ जारी है।

आरोपियों में विक्रमसिंह रावत पुत्र मोहनसिंह रावत, नरेश पुत्र गेंदीलाल, पूनमसिंह रावत पुत्र प्रभूसिंह रावत है और उनसे जे.सी.बी., डम्पर (पत्थर से भरा हुआ) जब्त किया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी जिला स्पेशल टीम विजय सिंह,सहायक उप निरीक्षक तेजमल आदि थे।

# पावटा में ट्रैफिक समस्या से आमजन परेशान

## लोगों ने बड़े वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी लगाने की मांग की


पावटा में सर्विस रोड पर लगे जाम से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं

**पावटा,** (निसं)। उपखंड पावटा में ट्रैफिक की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। पावटा कस्बे के सर्विस रोड पर अंडरपास, बालजी मेगा मार्ट के सामने, सुभाष चौक, टसकोला-भोनावास रोड पर फ्लाईओवर के पास हर रोज भारी जाम लगने से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

लोगों का कहना है कि उक्त स्थान पर ट्रैफिककर्मी मौजूद न रहने से उन्हें अपने गंतव्यों तक पहुंचने में घंटों इंतजार करना पडता है। भारी वाहनों की एंट्री से घंटों जाम में फंसे रहते हैं। राजेश शर्मा, राकेश सुभाष गोयल, बद्री प्रसाद चौहान, मुकेश सहित कई लोगों ने मांग है कि इस मार्ग में लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत दिलाई जाए तथा ट्रैफिक को सुचारू रूप से निकालने के लिए पुलिस उचित प्रबंध करे।

वहीं टसकोला-भोनावास रोड पर फ्लाईओवर की ओर से जाने वाली मुख्य सड़क बड़े व छोटे वाहनों की आवाजाही के कारण दिन-प्रतिदिन प्रभावित होती रहती है और इसके कारण यहां ट्रैफिक जाम लगना आम हो गया है। हर दिन लगने वाला जाम शहर की मुख्य समस्या बन गया है। चरमराती ट्रैफिक व्यवस्था के कारण आने-जाने वालों के लिए वाहनों की आवाजाही इस मुख्य सड़क पर विकराल समस्या बन गई है। मुख्य बाजार में पैदल चलना वर्तमान परिस्थिति में किसी चुनौती से कम नहीं है। पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का इस मुख्य सर्विस रोड के साथ जुड़े होने के कारण कई बार स्वास्थ्य विभाग से संबंधित एंबुलेंस जैसी जीवन रक्षक सेवाएं भी सर्विस रोड पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण प्रभावित होती हैं। वही पावटा घंटाघर चौक पर अक्सर बाजार में मालवाहक वाहन खड़े रहते हैं, जो ट्रैफिक जाम की समस्या को और अधिक बढ़ा देते हैं।